**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)


**NEWS CLIPPING: 18.09.2020**

## PUNJAB KESARI

# सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्र निर्माण का संकल्प लें युवा: मुख्यमंत्री मनोहर लाल

**■ प्रधानमंत्री मोदी की दृढ़ इच्छा शक्ति युवाओं के लिए प्रेरणा, देश आत्मनिर्भर बनाने की जिम्मेदारी युवा कंधों पर**



*वाईएमसीए फरीदाबाद द्वारा आयोजित 'युवा प्रेरणा दिवस' कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।*

फरीदाबाद, 17 सितम्बर (ब्यूरो): हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने युवाओं को सकारात्मक सोच अपनाने का मूलमंत्र दिया और उन्हें राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि वे अपने जीवन से भय शब्द को निकल दें। जीवन की किसी भी परिस्थिति में भय से भागे नहीं, बल्कि उसका डटकर सामना करें। यदि वे ऐसा करते है तो भय शब्द उनके जीवन से हमेशा समाप्त हो जायेगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 70वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा आयोजित 'युवा प्रेरणा दिवस' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'आत्मनिर्भर भारत' में युवाओं की भूमिका तथा भागीदारी को लेकर भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अगुवाई में किया गया था। कार्यक्रम के दौरान सभी के द्वारा 'मेड-इन-इंडिया' उत्पाद खरीदने का संकल्प भी लिया गया।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस 'युवा प्रेरणा दिवस' के रूप में मनाया गया**

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जयंती को सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है और सेवा सप्ताह के दौरान रक्तदान शिविर, नेत्र शिविर और अस्पतालों में फलों के वितरण जैसी सामाजिक सेवा के कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी की दृढ इच्छा शक्ति युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। भारत को युवाओं का देश बताते हुए मनोहर लाल ने कहा कि भारत में 35 वर्ष से कम आयु के 65 प्रतिशत से अधिक लोग हैं और उनके कंधों पर यह जि मेदारी है कि युवा वर्ग मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए काम करें। केंद्र सरकार द्वारा जारी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस नीति में जो नए सुधार किए गए हैं वे निश्चित रूप से देश के युवाओं को प्रेरित करेंगे। इसी तरह, केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनआरए) के रूप में भर्ती सुधार करोडों युवाओं के लिए एक वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि खेलों को प्रमुख रूप देने के साथ-साथ युवाओं को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के लिए कई नई नीतियों और कार्यक्रमों को लागू किया गया है जिनमें खेलों इंडिया कार्यक्रम भी एक है। उन्होंने युवाओं से भी आह्वान किया वे अपनी ऊर्जा को सही दिशा में ले जाने का संकल्प लें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में देश को विकास के पथ पर आगे ले जाएं। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय एवं संबद्ध कालेजों के विद्यार्थियों तथा विश्वविद्यालय के भूतपूर्व छात्र रहे प्रतिष्ठित उद्यमियों ने भी भागीदारी की।

पंजाब केसरी ई-पेपर Fri, 18 September 2020

Edition: faridabad kesari, Page no. 1

**NEWS CLIPPING: 18.09.2020**

**HINDUSTAN**

# सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्र निर्माण का संकल्प ले युवा : मनोहर लाल

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 70वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में गुरुवार को युवा प्रेरणा दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने युवाओं को सकारात्मक सोच अपनाने का मूलमंत्र देते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम में शामिल होकर आत्मनिर्भर भारत में युवाओं की भूमिका तथा भागीदारी को लेकर भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अगुवाई में किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मेड इन इंडिया उत्पाद खरीदने का संकल्प भी लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान रक्तदान शिविर, नेत्र शिविर और अस्पतालों में फलों के वितरण जैसी सामाजिक सेवा के कार्य किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि युवाओं के कंधों पर यह जिम्मेदारी है कि वे मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करें।



सैनिक कॉलोनी में गुरुवार को प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर विधायक सीमा त्रिखा ने रक्तदान शिविर लगाया। ● हिन्दुस्तान

## प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर 750 यूनिट रक्त दान किया

प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए गुरुवार को सैनिक कॉलोनी में रक्तदान शिविर लगाया गया। इसका उद्घाटन बडखल विधायक सीमा त्रिखा ने किया। शिविर कुल 750 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, महापौर सुमनबाला, जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, जिला संयोजक मदन पुजारा, सह संयोजक हरेंद्र भडाना, तीनों मंडल अध्यक्ष अमित आहुजा, हरीश खटाना, सतेंद्र पांडे, एडवोकेट अश्विनी त्रिखा, उमेश अरोड़ा, राकेश भंडारी, उमेश अरोड़ा, कर्मवीर बैंसला, सुनील भडाना, अंजु, मनोज मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

## कपड़े के बैग वितरित किए

प्रधानमंत्री के 70 वें जन्म दिन पर बल्लबगढ़ विधानसभा में तीन जगह कार्यक्रम हुए। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने न्यू जनता कॉलोनी में 50 एलईडी लाइट लगाने का काम शुरू किया, वहीं त्रिखा कॉलोनी में केक काटकर खुशी मनाई।

## रक्तदान शिविर लगाया

तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर के निर्देशन में सदपुरा रोड स्थित भाजपा कार्यालय पर गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक ने लोगों को कपड़े के थैले बांटकर प्लास्टिक फ्री समाज बनाने का भी आह्वान किया।

**NEWS CLIPPING: 18.09.2020**

## THE TRIBUNE

# FOUNDATION DAY AT JC BOSE VARSITY

**Faridabad:** JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, celebrated its Foundation Day with great zeal and enthusiasm, and felicitated six senior faculty members and employees who had completed 25 years of service with the university with mementos and citations. The programme was presided over by Vice-Chancellor Prof Dinesh Kumar who said the university had a long and cherished tradition of recognising its employees for outstanding merit and years of service. The faculty and employees who were felicitated included Dr Sandeep Grover, professor in mechanical engineering department, Dr PR Sharma, professor in electrical engineering department, Dr Pradeep Kumar Dimari, associate professor in electrical engineering department, Lalit Mohan, head of section in electronics engineering department, Anil Kumar Sharma, SDE in the university maintenance section and Mahabir Singh, helper attendant in the office of chief hostel warden. Besides, Prof Komal Kumar Bhatia, Dr Neelam Duhan, Ankit Pannu and Omdev were felicitated for outstanding contribution for promoting digital initiatives and the department of civil engineering awarded with the best upcoming department. Arun Bhatia and Mohit Vohra, distinguished alumni of the university were also felicitated on this occasion.

The Tribune Fri, 18 September 2020 https://epaper.tribune

**NEWS CLIPPING: 18.09.2020**

**HINDUSTAN**

# जेसी बोस में कर्मचारियों को सम्मानित किया

**फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता**

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में बुधवार को स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय ने संस्थान में 25 वर्ष पूरा कर चुके शिक्षकों और कर्मचारियों को सम्मानित किया।

इस मौके पर विश्वविद्यालय परिसर में एक छोटा सा समारोह आयोजित किया गया। दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे । विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) करण सिंह यादव, पूर्व कुलसचिव डॉ. शिमला और वाईएमसीए इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग के पूर्व निदेशक-प्रिंसिपल डॉ. अशोक कुमार अरोड़ा विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। कार्यक्रम का आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय की ओर से किया गया। मौके पर कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय में कर्मचारियों की उपलब्धि तथा सेवाओं को मान्यता देने की परंपरा रही है।

**NEWS CLIPPING: 18.09.2020**

**THE PIONEER**

# राष्ट्र निर्माण का संकल्प ले युवाः मनोहर लाल

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने युवाओं को सकारात्मक सोच अपनाने का मूलमंत्र दिया और उन्हें राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि वे अपने जीवन से भय शब्द को निकल दें। जीवन की किसी भी परिस्थिति में भय से भागे नहीं, बल्कि उसका डटकर सामना करें। यदि वे ऐसा करते है तो भय शब्द उनके जीवन से हमेशा समाप्त हो जायेगा। मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री मोदी के 70वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'युवा प्रेरणा दिवस' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'आत्मनिर्भर भारत' में युवाओं की भूमिता तथा भागीदारी को लेकर भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अगुवाई में किया गया था। कार्यक्रम के दौरान सभी के द्वारा 'मेड-इन-इंडिया' उत्पाद खरीदने का संकल्प भी लिया गया। इससे पहले, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 70वें जन्मदिन को युवा प्रेरणा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में हरसंभव प्रयास करेगा।

**NEWS CLIPPING: 18.09.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# स्टार्टअप इंडिया से आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करें : सीएम



■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को युवा प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम में सीएम मनोहर लाल मुख्य रूप से जुड़े। उन्होंने कहा कि युवा सकारात्मक सोच अपनाकर राष्ट्र निर्माण में अपना दें। वह अपने जीवन से भय शब्द को निकल दें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान रक्तदान शिविर, नेत्र शिविर व अस्पतालों में फलों के वितरण जैसे सामाजिक सेवा के कार्य किए जाएंगे।

**जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने पीएम का जन्मदिन युवा प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया**

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की दृढ़इच्छा शक्ति युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। वह युवा कल्याण के लिए हमेशा चिंतित रहते हैं। भारत को युवाओं का देश बताते हुए मनोहर लाल ने कहा कि भारत में 35 साल से कम आयु के 65 प्रतिशत से अधिक लोग हैं। उनके कंधों पर यह जिम्मेदारी है कि वह मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए काम करें।

यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद दिया। साथ ही यूनिवर्सिटी के विस्तार के लिए फरीदाबाद - गुड़गांव रोड पर 18 एकड़ भूमि अलॉट करने के लिए भी आभार व्यक्त किया।

**NEWS CLIPPING: 18.09.2020**

## AMAR UJALA

# सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्र निर्माण का संकल्प लें युवा : सीएम

**जेसी बोस विवि में 'युवा प्रेरणा दिवस' पर किया ऑनलाइन संबोधन, बोले- पीएम की दृढ़ इच्छा शक्ति युवाओं के लिए प्रेरणा**



जेसी बोस विवि में ऑनलाइन संबोधन करते सीएम मनोहरलाल।

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने युवाओं को सकारात्मक सोच अपनाने का मूलमंत्र देते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। युवाओं से कहा कि वे अपने जीवन से भय शब्द को निकल दें। किसी भी परिस्थिति का डटकर सामना करें। वह अगर ऐसा करते हैं तो भय शब्द उनके जीवन से हमेशा समाप्त हो जाएगा। मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 70वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) फरीदाबाद द्वारा आयोजित 'युवा प्रेरणा दिवस' कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के नेतृत्व में किया गया था। इस दौरान सभी ने 'मेड-इन-इंडिया' उत्पाद खरीदने का संकल्प भी लिया। सीएम ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। भारत युवाओं का देश है। यहां 35 वर्ष से कम आयु के 65 प्रतिशत से अधिक लोग हैं। उनके कंधों पर जिम्मेदारी है कि मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया जैसे कार्यक्रमों से प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए काम करें।

**NEWS CLIPPING: 18.09.2020**

## DAINIK JAGRAN

# सीएम ने दिया युवाओं को सकारात्मक सोच का मूल मंत्र

### युवा प्रेरणा दिवस

जासं, फरीदाबाद : मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने युवाओं को सकारात्मक सोच अपनाने का मूलमंत्र देकर उन्हें राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री जेसी.बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाइएमसीए द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित 'युवा प्रेरणा दिवस' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि वे अपने जीवन से भय शब्द को निकल दें। जीवन की किसी भी परिस्थिति में भय से भागना नहीं चाहिए, बल्कि उसका डटकर सामना करें। यदि वे ऐसा करते है तो भय शब्द उनके जीवन से हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने 'आत्मनिर्भर भारत' में युवाओं की भूमिका तथा भागीदारी को लेकर भी अपने विचार रखे। सीएम ने कहा कि देश में पीएम का जन्मदिन सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। सेवा सप्ताह के दौरान रक्तदान शिविर, नेत्र शिविर और अस्पतालों में फलों के वितरण जैसी सामाजिक सेवा के कार्य किए जाएंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में हरसंभव प्रयास करेगा। उन्होंने विश्वविद्यालय के विस्तार के लिए फरीदाबाद और गुरुग्राम मार्ग पर 18 एकड़ भूमि आवंटित करवाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। कुलपति ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर शुरू किया गया 'मोदी-फाय विद बोस' अभियान 30 नवंबर, 2020 को जगदीश चंद्र बोस की जयंती तक चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए नये स्टार्ट-अप आइडिया पर भी काम करेगा, ताकि स्थानीय उत्पादों की मांग और खपत बढ़े। कार्यक्रम को कुलसचिव डॉ.सुनील कुमार गर्ग तथा डीन डॉ.विक्रम सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अजय शर्मा, रश्मि चावला तथा डॉ. ज्योत्सना चावला ने किया।

**NEWS CLIPPING: 18.09.2020**

**DAINIK BHASKAR**

# सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्र निर्माण का संकल्प ले युवाः सीएम

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

सीएम मनोहर लाल ने युवाओं को सकारात्मक सोच अपनाने का मूलमंत्र देते हुए उनसे राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे अपने जीवन से भय शब्द को निकाल दें। जीवन की किसी भी परिस्थिति में भय से भागे नहीं, बल्कि उसका डटकर सामना करें। यदि वे ऐसा करते हैं तो भय शब्द उनके जीवन से हमेशा समाप्त हो जाएगा। सीएम जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित 'युवा प्रेरणा दिवस' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 'आत्मनिर्भर भारत' में युवाओं की भूमिका तथा भागीदारी को लेकर भी विचार रखे। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अगुवाई में किया गया था। कार्यक्रम के दौरान सभी के द्वारा 'मेड-इन-इंडिया' उत्पाद खरीदने का संकल्प भी लिया गया। सीएम ने कहा पीएम नरेंद्र मोदी की दृढ़इच्छा शक्ति युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सीएम ने भारत को युवाओं का देश बताते हुए कहा कि भारत में 35 वर्ष से कम आयु के 65 प्रतिशत से अधिक लोग हैं और उनके कंधों पर यह जिम्मेदारी है कि युवा वर्ग मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए काम करें। केंद्र सरकार द्वारा जारी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस नीति में जो नए सुधार किए गए हैं वे निश्चित रूप से देश के युवाओं को प्रेरित करेंगे।

**NEWS CLIPPING: 18.09.2020**

**The Pioneer**

## Haryana CM urges students to work with spirit of FEAR

PNS ■ CHANDIGARH

Haryana Chief Minister Manohar Lal Khattar on Thursday exhorted the youth to remain positive and enthusiastic and eliminate the word FEAR (Forget Everything And Run) from their lives and instead work with the spirit of 'Face Everything And Rise' (FEAR) so as to contribute effectively in nation building.

Speaking at a Webinar on "Yuva Prerna Diwas" (Youth Motivation Day) organized by J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad to celebrate the 70th birthday of Prime Minister Narendra Modi, the Chief Minister said the birthday is being celebrated in the country as "Seva Saptah". He said that works of social service like blood donation camps, eye camps and distribution of fruits in hospitals would be taken up during the 'Seva Saptah'.

Describing India as a country of youth, Khattar said India has more than 65 per cent of its population below 35 years and they have the responsibility on their shoulders to realise Prime Minister's vision of 'Aatmanirbhar Bharat' and also the effective implementation of other programmes like Make In India, Startup India, Standup India etc.

The Chief Minister also laid emphasis on imparting employment-oriented education to the students so as to make them self-reliant. He said that the State Government has established the country's first Shri Vishwakarma Skill University, at Dudhola village of Palwal district for the skill development of youth.

Referring to the new National Education Policy-2020, he said that the new reforms that have been made in this policy would further motivate the youth of the country. Similarly, the recruitment reform in the form of National Recruitment Agency (NRA) would prove to be a boon for crores of youngsters, he added. He said that many new policies and programmes have also been implemented to give a major boost to sports as well as make the youth physically strong.